# सूचना

## ड्रीम्स दि मॉल कंपनी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ड्रीम्स द मॉल, एल.बी.एस. मार्ग, भांडुप (प), मुंबई – 400078 प्रशासनिक कार्यालय : यूनिट नं. B-116, प्रथम तल, EBD, नेप्च्यून मॉल, एल.बी.एस. मार्ग, भांडुप (पश्चिम), मुंबई – 400078. वेबसाइट : www : dreamsredevelopment.com ईमेल: dtmcl2013@gmail.com | दूरभाष: 9136848037 CIN: U74120MH2013PLC243197

**ड्रीम्स द मॉल के संपत्ति धारकों एवं कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ**

विषय: कंपनी में स्वामित्व एवं शेयरधारिता के सत्यापन हेतु सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ड्रीम्स द मॉल कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") के निदेशक मंडल द्वारा नीचे अनुसूची में वर्णित अचल संपत्ति के संबंध में अधिकार, स्वामित्व एवं हित के सत्यापन तथा कंपनी की इक्विटी शेयरधारिता के सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। अत: ऐसे सभी व्यक्ति, संस्थाएँ, संघ, निकाय या निगमित संस्थाएँ, जो उक्त संपत्तियों तथा/या कंपनी के इक्विटी शेयरों के संबंध में स्वयं को स्वामी, सह-स्वामी, पट्टेदार, अधिभोगी, हस्तांतरिती, असाइनी अथवा किसी भी प्रकार के अधिकार, स्वामित्व, हित, लाभ या हकदारी का दावा करते हों, उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे अपने संपत्ति स्वामित्व एवं शेयरधारिता के समर्थन में समस्त दस्तावेजी प्रमाण सहित अपना दावा लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। संपत्ति स्वामित्व एवं शेयरधारिता के प्रमाण के साथ संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्वयं-सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिनमें शामिल हैं परंतु केवल इन्हीं तक सीमित नहीं : बीएमसी अधिभोग प्रमाणपत्र (Occupation Certificate), स्वामित्व विलेख (Title Deeds), कन्वेयंस डीड, पंजीकृत अनुबंध, शेयर प्रमाणपत्र, हस्तांतरण विलेख, न्यायालयीन आदेश, विधिक प्रपत्र अथवा अन्य कोई दस्तावेज जो विधिक स्वामित्व सिद्ध करता हो। उपरोक्त सभी दस्तावेज इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह (14) दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए: पता: यूनिट नं. B-116, प्रथम तल, EBD, नेप्च्यून मॉल, एल.बी.एस. रोड, भांडुप (प), मुंबई – 78. कृपया ध्यान दें कि यह सूचना केवल ड्रीम्स द मॉल में स्थित संपत्तियों/दुकानों के वास्तविक स्वामियों तथा कंपनी की वास्तविक इक्विटी शेयरधारिता की पहचान एवं सत्यापन के उद्देश्य से जारी की गई है।

संपत्ति/कंपनी की अनुसूची : ड्रीम्स द मॉल कंपनी लिमिटेड के कॉम्प्लेक्स/भवन "ड्रीम्स द मॉल", स्थित एल.बी.एस. मार्ग, भांडुप (प), मुंबई -78 में स्थित सभी दुकानें/यूनिट्स एवं उनके संबंधित भू-भाग।

स्थान: मुंबई
दिनांक:16-2-2026

हस्ताक्षरित/-
निदेशक (माननीय एनसीएलटी के आदेश दिनांक 23-09-2025 के अनुसार)
ड्रीम्स द मॉल कंपनी लिमिटेड
ड्रीम्स द मॉल, एल.बी.एस. भांडुप (प), मुंबई – 78.